**निबंधन और शर्तें (टीओआर)**
**वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता - प्रशिक्षण**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों को तकनीकी और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित पदों को पूर्णतया संविदा आधार पर भरनाचाहता है।

<table>
<tr><td>पद का नाम</td><td colspan="3">वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता - प्रशिक्षण</td></tr>
<tr><td>पदों की संख्या</td><td colspan="3">1</td></tr>
<tr><td>अवधि</td><td colspan="3">एक वर्ष</td></tr>
<tr><td>स्थान</td><td colspan="3">नई दिल्ली</td></tr>
<tr><td>पद का प्रकार</td><td colspan="3">संविदा पर</td></tr>
<tr><td>पद</td><td>न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता</td><td>न्यूनतम अनुभव</td><td>पारिश्रमिक सीमा</td></tr>
<tr><td>परामर्शदाता</td><td rowspan="2">यूजीसी / एआईसीटीई के मान्यता प्राप्त संस्थानों से<br><br>जन स्वास्थ्य / सामुदायिक चिकित्सा / मानव विज्ञान / स्वास्थ्य प्रबंधन / अस्पताल प्रबंधन / जन स्वास्थ्य इन्फॉर्मेटिक्स में स्नातकोत्तर<br><br>अथवा<br><br>बी.टैक (सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर साइंस / इलैक्ट्रॉनिक्स) के साथ एमबीए (पूर्णकालिक)<br><br>अथवा<br><br>एमबीबीएस के साथ एमबीए (पूर्णकालिक)</td><td>3 वर्ष या उससे अधिक</td><td>रु. 60,000/- से रु. 90,000/- प्रतिमाह</td></tr>
<tr><td>वरिष्ठ परामर्शदाता</td><td>7 वर्ष या उससे अधिक</td><td>रु. 90,000/- से रु. 1,20,000/- प्रतिमाह</td></tr>
<tr><td>आयु सीमा</td><td colspan="3">आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष</td></tr>
<tr><td>वांछित कौशल</td><td colspan="3">➢ प्रशिक्षण मॉडयूल, प्रशिक्षण सामग्री और प्रस्तुतिकरण को विकसित करने, प्रशिक्षण योजना विकसित करने, प्रशिक्षण फ्लायर्स विकसित करने तथा प्रशिक्षण कैलेंडर के रख-रखाव का अनुभव।<br>➢ उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतिकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर- वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी बोलने और लिखने में उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।<br>➢ एमएस ऑफिस, एप्लीकेशन टेस्टिंग, स्वास्थ्य में आईसीटी की मूल जानकारी, एसपीएसएस, एसटीएटीए इत्यादि जैसे सॉफ्टवेयर टूल का उपयोग करते हुए डाटा माइनिंग और डाटा विश्लेषण में दक्षता।<br>➢ बहुविषयक दल परिवेश में कार्य करने की योग्यता प्रदर्शित की हो।<br>➢ तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का दौरा करने की तत्परता और सौंपे जाने वाले कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए एक-साथ विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता।<br>➢ केंद्र / राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।</td></tr>
<tr><td>भूमिका और उत्तरदायित्व</td><td colspan="3">➢ कार्यक्रम के कार्यान्वियन हेतु विभागों (केन्द्रीय, राज्य / संघ राज्य क्षेत्र तथा अन्य शामिल हितधारकों) से कार्यात्मक तथा तकनीकी अपेक्षाओं को समझना तथा अपेक्षानुसार गुणवत्ता और मानक अवधारणा दस्तावेज तैयार करना, डिजाइन दस्तावेज, प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज (फ्लो डॉक्यूमेंट) तथा प्रयोक्ता नियमावली (यूजर मैनुअल) तैयार करना।<br>➢ सभी राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में एमसीटीएस / आरसीएच पोर्टल पर प्रशिक्षणों की प्रभावी रूप रेखा तैयार करने तथा उसे निष्पादित करने के लिए सरकार / मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करना।<br>➢ प्रशिक्षण दिशानिर्देश, प्रशिक्षण योजनाएं, प्रशिक्षण मॉड्यूल और नियमावली तैयार करना, राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण के प्रभाव की मॉनिटरिंग करने के लिए उपकरण प्रणाली तैयार करना और संसाधन सामग्री का विकास करना।<br>➢ प्रशिक्षण की प्रभावकारिता / प्रभाव का आकलन / मूल्यांकन करना।<br>➢ संसाधन व्यक्तियों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के हितधारकों के साथ संपर्क रखना।<br>➢ आवधिक आधार पर प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए प्रभागों में तथा अन्य हितधारकों के दलों के साथ काम करना, प्रशिक्षण के प्रयोजन से एमसीटीएस / आरसीएच आंकड़ों का विश्लेषण करना।<br>➢ राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को एमसीटीएस / आरसीएच एप्लीकेशन के कार्यान्वियन हेतु सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना तथा प्रशिक्षण से संबंधित सभी टीओआर में क्षमता निर्माण / प्रशिक्षण में सहायता करना।<br>➢ क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न आरएमएनसीएच + ए कार्यक्रमों के प्रभाव एवं कार्यान्वियन का मूल्यांकन के लिए एमसीटीएस/आरसीएच पोर्टल के आंकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण करना तथा गैर-परिभाषित क्षेत्रों की मॉनिटरिंग व मूल्यांकन करके लिए उनकी पहचान करना तथा प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना।</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | ➢ स्थितिपरक विश्लेषण करना, प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का आकलन करना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए व्यवस्था तैयार करना।<br>➢ एमसीटीएस / आरसीएच एप्लीकेशन के सुदृढ़ीकरण हेतु अनमोल, किलकारी, मोबाइल अकादमी, आरसीएच सिटीजन पोर्टल और दूसरे एप्लीकेशनों के लिए प्रशिक्षण, समीक्षा और कार्यान्वयन संबंधी सहायता उपलब्ध कराना। |
| अन्य निबंधन और शर्तें | ➢ त्यागपत्र देने के मामले में, अभ्यर्थी को एक महीने का नोटिस देना होगा।<br>➢ परियोजना के लिए भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तत्पर रहना होगा। |

**आवेदन करने के लिए:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें, जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है तथा विधिवत रूप से भरा गया आवेदन पत्र recruitment.mcts@gmail.com पर **11-Sep-2018** तक अवश्य ई-मेल कर दें। अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन-पत्र के ऊपर आवेदन किए गए पद का नाम लिख दिया गया है, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।